UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौं -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-160 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 22 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

## आयुष्मान भारत योजना में धांधली करने वाले 200 से ज्यादा अस्पताल ब्लैक लिस्ट


### योगी सरकार का एक्शन



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** योगी सरकार भ्रष्टाचारियों और लापरवाहों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा एक्शन लिया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत तय मानकों का पालन नहीं करने वाले 200 से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।



योगी सरकार ने 100 अस्पतालों का भुगतान रोक दिया है। साथ ही 100 अस्पतालों को निलंबित किया है। सरकार की ओर से ब्लैक लिस्ट किए गए 200 से ज्यादा अस्पतालों में गरीबों के इलाज में धांधली का आरोप है। जिन अस्पतालों पर एक्शन लिया गया है, उन पर आरोप है कि आयुष्मान योजना के तहत निर्धारित प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों को पूरा नहीं किया गया था। आयुष्मान योजना में पंजीकरण के लिए 35 मानकों को पूरा करना अनिवार्य रखा गया है। जालौन, मिर्जापुर, अंबेडकरनगर, रामपुर, सोनभद्र (अन्य भी जिलों में कार्रवाई हुई है)

## हर बूथ पर 5 वोट ज्यादा दिलाओ', अखिलेश यादव ने सौंपा कार्यकर्ताओं को यूपी चुनाव का टारगेट, 2024 से है कनेक्शन

( यंग भारत न्यूज )

मेरठः समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने वर्करों को आसान टारगेट सौंपकर सत्ता की मुश्किल मंजिल हासिल करने की प्लानिंग तैयार की है। सपा प्रमुख से संगठन और वर्करों को नया संदेश मिला है कि 2024 में मिले वोट से हर बूथ पर पांच वोट ज्यादा दिलाओ और 2027 में भाजपा को हटाकर यूपी में सपा सरकार लाओ। इसी कड़ी में जनाधार को और मजबूती देने के लिए अखिलेश यादव ने पीडीए को प्रेम-दया-अपनापन का संगम नाम देकर इस वर्ग को साधने की कोशिश की है। इतना ही नहीं कैराना सांसद इकरा हसन के दो दिन पहले सहारनपुर में दिखाए आक्रामक तेवर को पीडीए की मजबूती के तौर पर पार्टी देख रही है।



अखिलेश यादव ने बुधवार को लखनऊ में पीडीए से जुड़े लोगों से मुलाकात की। साथ ही संगठन के ओहदेदारों से गुफ्तगू की और एक सार्वजनिक प्रोग्राम में भागीदारी के दौरान उन्होंने दावा किया कि सपा के साथ यूपी की जनता है। अब हर हाल में 2027 में एकजुट होकर यूपी की बीजेपी सरकार बदलनी है। अखिलेश ने दावा किया कि पीडीए समाज को भरोसा है कि सपा में ही उसका सम्मान है। पीडीए मतलब प्रेम दया और अपनापन की भावना से घर-घर गांव-गांव पीडीए का संदेश पहुंचाना है। वर्करों टारगेट सौंपा कि 2024 में मिले मतों को मानक मानकर अगर 2027 में हर बूथ पर पांच वोट बढ़ा लिए तो सपा की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। कैराना सांसद इकरा हसन जिस महिला को लेकर मंगलवार को डीआईजी सहारनपुर के यहां गई थी। वह महिला कश्यप समाज की थी। उनके बेटे की मौत हो गई थी। महिला को लगता था कि शामली जिले की पुलिस सही कार्रवाई नहीं कर रही थी। डीआईजी सहारनपुर के अधीन ही शामली जिला आता है। शामली जिले की कैराना लोकसभा सीट से इकरा हसन सपा से सांसद हैं, इसलिए इकरा हसन कश्यप समाज की महिला को लेकर डीआईजी से मिलने गई थीं। वहां उनका पुलिस से विवाद हो गया। इकरा हसन ने सड़क और थाने में तीखे तेवर दिखाए। आक्रामक रुख अपनाया। सपा एकजुट हो गई, जिसके चलते पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा। इकरा के साथियों को हिरासत से छोड़ना पड़ा। इकरा हसन ने जिस तरह से काम किया, उसको लेकर अखिलेश यादव ने उनकी तारीफ की। कैराना सांसद इकरा हसन जिस महिला को लेकर मंगलवार को डीआईजी सहारनपुर के यहां गई थी। वह महिला कश्यप समाज की थी। उनके बेटे की मौत हो गई थी। महिला को लगता था कि शामली जिले की पुलिस सही कार्रवाई नहीं कर रही थी। डीआईजी सहारनपुर के अधीन ही शामली जिला आता है। शामली जिले की कैराना लोकसभा सीट से इकरा हसन सपा से सांसद हैं, इसलिए इकरा हसन कश्यप समाज की महिला को लेकर डीआईजी से मिलने गई थीं। वहां उनका पुलिस से विवाद हो गया। इकरा हसन ने सड़क और थाने में तीखे तेवर दिखाए। आक्रामक रुख अपनाया। सपा एकजुट हो गई, जिसके चलते पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा। इकरा के साथियों को हिरासत से छोड़ना पड़ा। इकरा हसन ने जिस तरह से काम किया, उसको लेकर अखिलेश यादव ने उनकी तारीफ की ऐसा कर सपा ने संदेश दिया कि सपा पीडीए के हक के लिए संघर्ष जारी रखेगी। सपा ने इकरा को आयरन लेड़ी के तौर पर पेश किया। अखिलेश यादव ने इकरा हसन और कश्यप समाज की पीड़ित महिला को बुधवार को लखनऊ बुलाया। पीडीए को साधने के लिए महिला को मदद के तौर पर दो लाख रुपये इकरा के साथ मिलकर दिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार और पुलिस पर हमला बोला। पीडीए विरोधी तक कह डाला। महिला और समाज को हर मुश्किल में साथ देने का भरोसा देकर समाज को साधने में कोई कमी नहीं छोड़ी। सियासी जानकारों का मानना है कि दो दिन पहले सहारनपुर के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने बड़ी रैली गांगलहेड़ी में की थी। कई मुस्लिम चेहरों को कांग्रेस में शामिल कराया था। इमरान मसूद के जरिए कांग्रेस वेस्ट यूपी में मजबूत नींव रखने की कोशिश में है, लेकिन सपा भी कांग्रेस से सियासी दोस्ती के बावजूद वेस्ट में खुद को बेस्ट रखने के लिए अपनी तेज तर्रार कैराना सांसद इकरा हसन को आगे किया है। इकरा की सहारनपुर पुलिस के खिलाफ उठाई गई आवाज से सपा और इकरा दोनों को मजबूती मिली है। कांग्रेस भी सोचने को मजबूर हुई है।

## सुर्खियां.............

### संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में फंदे से लटका मिला मजदूर का शव, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के कुंवरपुरा गांव में गुरुवार को एक मजदूर का शव खेत में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र हरिदास के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया।थाना प्रभारी रामशंकर ने बताया कि बलवीर सिंह का शव खेत में गमछे के सहारे फंदे से लटका मिला।

### बोर्ड बैठक का एजेंडा न मिलने से नाराज सभासदों ने ईओ को दिया प्रार्थना पत्र

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** नगर पालिका परिषद अपनी मनमानी के लिए शुरू से जानी जाती है और उसके द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर सवालिया निशान लग रहे हैं अब सभासदों ने भी पालिकाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए विकास कार्यों में बाधा डालने की बात कही है।नगर पालिका परिषद के सभासदों ने अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव को एक प्रार्थनापत्र देकर बताया कि दिनांक 20 मई 2026 तक बजट 2026-27 एवं विकास कार्य हेतु बोर्ड बैठक का कोई एजेंडा नहीं मिला है।

### अवैध पिस्टल व कारतूस सहित एक बदमाश को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** पुलिस ने अवैध पिस्टल और कारतूसों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली की सुरई चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बुधवार/गुरुवार की रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैलिया बाईपास मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में खड़े सतेंद्र सिंह चौहान पुत्र माखन सिंह निवासी भीमनगर थाना रौन जिला भिंड मध्यप्रदेश को पकड़ लिया। पुलिस ने जामातलाशी में उसके पास से 32 बोर की एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।


## यूपी सरकार ने 9 आईपीएस अफसरों का किया ट्रांसफर

### जय नारायन सिंह ईओडब्ल्यू में डीजी, आलोक सिंह अब पीएसी मुख्यालय में डीजी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बार फिर 9 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें सीनियर आईपीएस अधिकारियों को नए स्थान पर प्रतिनियुक्ति दी गई है। गुरुवार को अचानक तबादला आदेश आने के बाद विभाग में हलचल तेज हो गई। आईजी, डीजी समेत नौ वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर हुए हैं। इनमें चार डीजी, चार एडीजी और एक आईजी शामिल हैं। पुलिस विभाग में फेरबदल से अन्य विभाग के अफसरों में हड़कंप मचा गया है। ट्रांसफर सूची के अनुसार, जय नारायन सिंह को पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाया गयाद है। वहीं, ध्रुवकांत ठाकुर को पुलिस महानिदेशक होमगार्ड के साथ पुलिस महानिदेशक नागरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।





इनका हुआ ट्रांसफरः

जय नारायण सिंहः योगी सरकार ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जय नारायण सिंह का ट्रांसफर कर दिया है। अभी वह डीजी/एडीजी यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में कार्यरत थे। अब उन्हें पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्,यू लखनऊ के पद पर बैठाया गया है।

ध्रुवकांत ठाकुरः ध्रुव कांत ठाकुर 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वे डीजी नागरिक सुरक्षा के साथ-साथ डीजे विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। ध्रुवकांत ठाकुर को अब पुलिस महानिदेशक महासमादेष्टा होमगार्ड बनाया गया है। इसके साथ-साथ वे पुलिस महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

बिनोद कुमार सिंहः बिनोद कुमार सिंह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वे डीजी सीआईडी के पद पर काम कर रहे थे। इसके साथ-साथ उन्हें डिजी साइबर क्राइम की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली हुई थी। अब उन्हें डीजी सीआईडी के साथ-साथ डीजी साइबर क्राइम और डीजी यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आलोक सिंहः आलोक सिंह 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वे कानपुर जोन के एडीजी पद पर कार्यरत थे। उन्हें पीएसी मुख्यालय में डीजी बनाया गया है। इसके साथ-साथ वह डीजी विशेष सुरक्षा बल की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

अनुपम कुलश्रेष्ठः अनुपम कुलश्रेष्ठ 1995 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। अभी वे एडीजी आगरा जोन की कमान संभाल रही थीं। उन्हें एडीजी कानपुर जोन बनाया गया है। वह आलोक सिंह के स्थान पर जिम्मेदारी संभालेंगी।

ए. सतीश गणेशः आईपीएस अधिकारी ए. सतीश गणेश अभी अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा निदेशालय का पदभार संभाल रहे थे। 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी को अपर पुलिस महानिदेशक ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा निदेशालय के साथ-साथ अपर पुलिस महानिदेशक अपराध का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

डॉ. आरके स्वर्णकारः डॉ. आर के स्वर्णकार 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वे अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय में कार्यरत थे। उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड बनाया गया है।

एसके भगतः एसके भगत 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वे एडीजी अपराध के पद पर कार्यरत थे। उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गीता सिंहः गीता सिंह 2007 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। अभी वे पुलिस महानिरीक्षक, अभियोजन उत्तर प्रदेश के पद पर कार्य कर रही थीं। उन्हें पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है।

## 'गाय की भी कुर्बानी होगी, रोक सकें तो रोक लें.', हुमायूं कबीर ने सीएम शुभेंदु अधिकारी को दिया चैलेंज

( यंग भारत न्यूज )

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बकरीद से पहले राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमायूं कबीर के एक बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को चुनौती देते हुए कहा कि 'गाय की भी कुर्बानी होगी, सड़कों पर भी नमाज पढ़ेंगे, अगर रोक सकते हो तो रोक लो।' उनके इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है।



दरअसल, 13 मई को पश्चिम बंगाल सरकार ने एक नई अधिसूचना जारी की थी। इस नोटिस में सार्वजनिक स्थानों पर गायों की हत्या को लेकर सख्त नियम लागू किए गए हैं। साथ ही मवेशियों की कुर्बानी के लिए कई शर्तें भी तय की गई हैं। यह आदेश बकरीद से करीब पंद्रह दिन पहले जारी किया गया, जबकि इस साल बकरीद 28 मई को मनाई जाएगी। सरकार की ओर से साफ किया गया है कि यह आदेश गायों की कुर्बानी पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लगाता, लेकिन इसके लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जेल और जुर्माने की कार्रवाई की जा सकती है। नई अधिसूचना के मुताबिक, बैल, बछड़ा, गाय, बछिया, भैंस और अन्य मवेशियों की हत्या बिना 'फिटनेस सर्टिफिकेट' के नहीं की जा सकेगी। यह प्रमाण पत्र स्थानीय प्रशासन और सरकारी पशु चिकित्सक की मंजूरी के बाद ही जारी होगा। सर्टिफिकेट में यह साफ लिखा होना जरूरी होगा कि जानवर कुर्बानी के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा यह भी प्रमाणित करना होगा कि जानवर की उम्र 14 साल से ज्यादा हो चुकी है और वह अब खेती, काम या प्रजनन के लिए उपयोगी नहीं है। सरकारी नियमों के अनुसार यदि किसी जानवर को गंभीर चोट लगी हो, वह शारीरिक रूप से अक्षम हो गया हो या किसी लाइलाज बीमारी से पीड़ित हो, तभी उसे कुर्बानी के लिए अनुमति मिल सकती है। इन सभी बातों की पुष्टि पशु चिकित्सक द्वारा की जाएगी। सरकार का कहना है कि इन नियमों का मकसद पशुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। साथ ही अवैध तरीके से होने वाली कुर्बानी को रोकना भी इसका उद्देश्य बताया गया है। अधिसूचना में यह भी साफ किया गया है कि फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने के बाद भी किसी जानवर की कुर्बानी सिर्फ अधिकृत बूचड़खाने में ही की जा सकेगी। सार्वजनिक जगहों या खुले इलाकों में मवेशियों की हत्या की अनुमति नहीं होगी। सरकार ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। वहीं विपक्षी दलों का कहना है कि सरकार धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही है, जबकि कुछ संगठनों ने इस फैसले का समर्थन भी किया है। हुमायूं कबीर के बयान के बाद भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। भाजपा नेताओं ने इसे कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला बयान बताया है। वहीं तृणमूल कांग्रेस की ओर से कहा जा रहा है कि विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहा है। बकरीद से पहले इस मामले ने पश्चिम बंगाल की राजनीति को और गर्म कर दिया है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और बड़ा राजनीतिक विवाद बन सकता है।

## कानपुर जोन की कमान अनुपमा कुलश्रेष्ठ को, 9 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने बुधवार को पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 9 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी कर दी। शासन द्वारा जारी आदेश में कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपने के साथ अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जारी सूची के अनुसार 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जय नारायण सिंह को पुलिस महानिदेशक, यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ से हटाकर पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू, उत्तर प्रदेश, लखनऊ बनाया गया है। वहीं ध्रुव कान्त ठाकुर को पुलिस महानिदेशक नागरिक सुरक्षा के साथ विशेष सुरक्षा बल के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर पुलिस महानिदेशक एवं महाअधिवक्ता होमगार्ड, उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया है। उनके पास नागरिक सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। विनोद कुमार सिंह को पुलिस महानिदेशक सीआईडी, उत्तर प्रदेश के साथ साइबर क्राइम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, अब उन्हें यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। आलोक सिंह को पदोन्नति के बाद कानपुर जोन से पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय, लखनऊ बनाया गया है तथा उन्हें विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। श्रीमती अनुपमा कुलश्रेष्ठ को आगरा जोन से स्थानातरित अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन बनाया गया है। ए. सतीश गणेश को यातायात एवं सड़क सुरक्षा निदेशालय के साथ अपराध शाखा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. आर.के. स्वर्णकार को पीएसी मुख्यालय से हटाकर यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके अलावा एस.के. भगत को अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, उत्तर प्रदेश से हटाकर अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन नियुक्त किया गया है। वहीं आईपीएस अधिकारी गीता सिंह को पुलिस महानिरीक्षक अभियोजन से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ भेजा गया है।

# विधायक क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच का क्षेत्रीय लोगो ने लिया आनंद

## दूधिया रोशनी के बीच अनोखे माहौल में सागर स्पोर्ट्स उरई एवं इलेवन वारियर्स के बीच खेला गया मैच

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सुरेंद्र, महेंद्र, दयाशंकर महाविद्यालय तीतरा के मैदान में दूधिया रोशनी में आयोजित माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सागर स्पोर्ट्स उरई एवं इलेवन वारियर्स उरई के मध्य खेला गया। सागर स्पोर्ट्स के कप्तान अभिनव पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया ।टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए जिसमें कप्तान अभिनव ने सर्वाधिक 24 रनों का योगदान दिया जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया। जवाब में कप्तान निखिल कुशवाहा की अगुवाई में खेलने उतरी इलेवन वारियर्स की टीम 8 ओवरों में मात्र 40 रन ही बना सकी और उनकी टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरा मैच शाइनिंग इंडिया मेरठ एवं रेनवो क्लब झांसी की टीम के मध्य खेला गया। शाइनिंग इंडिया टीम के कप्तान अनस खान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का



निर्णय लिया। टीम ने 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। रेनवो क्लब की टीम के कप्तान सुमित कुमार के निर्देशन में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 9 विकेट खोकर सिर्फ 34 रन ही बना सकी और टीम को करारी हार मिली। शाइनिंग इंडिया टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी जावेद अली को बल्लेबाजी और गेंदबाजी में उम्दा प्रदर्शन करने पर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दोनों मैचों के मेन ऑफ द मैच खिलाड़ी को शील्ड और पांच-पांच सौ रुपए का नकद इनाम दिया गया। दोनों मैच में अंपायर की भूमिका सूरज त्रिपाठी उन्नाव एवं शिशिर कुमार ने निभाई। कमेंट्री मुजीब अहमद, रोहित कोंच, राजा भदारी ने की। स्कोरर का दायित्व अभिजीत चौहान, राज ठाकुर एवं सोमेंद्र चमरसेना ने निभाया। मैच की ऑनलाइन लाइव की व्यवस्था में मानस मिश्रा, विमल और अर्पित शामिल रहे। मैदान की अन्य सारी व्यवस्थाओं में तीतरा कमेटी के अंकित पटेल, आकाश, नेहरू, हिमांशु, पंकज, जीतू, राज आदि संलग्न रहे। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने टूर्नामेंट के आयोजक माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन व भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन सहित हजारों क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी में मैदान पर पहुंचकर फीता काटा और फिर टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, तदोपरांत टॉस के लिए सिक्का उछाला। प्रभारी मंत्री ने स्वयं एक छोर पर बल्लेबाजी की जबकि विधायक मूलचंद्र ने उनके सामने गेंदबाजी की।

# रामपुरा थाना में तैनात तीन पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला, विदाई समारोह में भावुक हुए साथी

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़** तहसील क्षेत्र के रामपुरा थाना में तैनात तीन पुलिसकर्मियों का तबादला होने के बाद थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद साथियों से बिछड़ने के मौके पर माहौल भावुक नजर आया। विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने तीनों कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बताया गया कि पुलिसकर्मी विकास कुमार, आकाश कुमार और विपिन सिंह का अन्य स्थानों पर तबादला किया गया है। तबादले के बाद 20 मई की शाम को रामपुरा थाना परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्राधिकारी अंबुज सिंह यादव एवं थाना प्रभारी रजत सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने तीनों पुलिसकर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। सीओ अंबुज सिंह यादव ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन साथ काम करने वाले कर्मचारियों से भावनात्मक जुड़ाव बन जाता है। उन्होंने तीनों पुलिसकर्मियों की कार्यशैली और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाई है। वहीं थाना प्रभारी रजत सिंह ने कहा कि विकास, आकाश और विपिन ने रामपुरा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके व्यवहार और कार्य के चलते क्षेत्रीय लोगों के बीच भी अच्छी छवि बनी रही। दिन गुरुवार समय करीब 1 बजे पुलिसकर्मियों ने जानकारी देते हुए बताया कि तबादले के बाद विभागीय प्रक्रिया पूरी कर उन्हें नई तैनाती स्थल पर रवाना किया जाएगा। समारोह के दौरान थाना स्टाफ सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# तनाव के बीच भी सेवा भाव कायम, मेडिकल कॉलेज उरई में जूनियर डॉक्टरों ने किया रक्तदान

( यंग भारत न्यूज )



राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में हाल के घटनाक्रमों के बीच गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सामान्य रहीं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने बताया कि अस्थि रोग विभाग के कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा रक्तदान किया गया, जो उनके सेवा भाव और मानवता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ चिकित्सक भले ही मानसिक दबाव में काम कर रहे हों, लेकिन जनमानस की सेवा का भाव उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ है।

प्राचार्य डॉ. त्रिवेदी ने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेज में आज कोई विशेष घटना नहीं हुई और सभी व्यवस्थाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। ओपीडी, इमरजेंसी एवं इनडोर सेवाएं नियमित रूप से चलती रहीं तथा सभी चिकित्सक अपने कार्य पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सुबह से लेकर अब तक आपातकालीन विभाग में 168 मरीजों का उपचार किया गया, जिससे साफ है कि अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं बिना किसी बाधा के जारी हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर रेजिडेंट डॉक्टर संगठन से जुड़े कुछ पत्र और संदेश प्रसारित हो रहे हैं, लेकिन आमजन को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। मेडिकल कॉलेज प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ. त्रिवेदी ने लोगों से अपील की कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ बयान या अफवाह फैलाने से बचें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज जालौन में आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह जारी हैं और मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने यह भी कहा कि चिकित्सकों का मुख्य उद्देश्य मरीजों की सेवा करना है और इसी भावना के साथ डॉक्टर लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा रक्तदान किए जाने को प्रशासन ने समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक बताया है।

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाकर उन्हे श्रद्धांजलि दी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच।** नगर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सरोजनी नायडू पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेसियो ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं देश के विकास में निभाई गई भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद शुक्ला ने की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, कंप्यूटर क्रांति और युवा सोच से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने भारत को नई दिशा देने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिन्हें आज भी याद किया जाता है। उपस्थित वक्ताओ ने कहा कि राजीव गांधी का सपना मजबूत और आधुनिक भारत का था, जिसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। श्रद्धांजलि सभा में जिला सचिव श्रीनारायण दीक्षित, कासिम मंसूरी, विक्की दुबे, सभासद सरताजुद्दीन, सभासद शहाबुद्दीन, बबलू शर्मा, अरुण उपाध्याय, नरेंद्र राठौर, आशीष दुबे, राजेंद्र प्रजापति, उनमान एवं निर्पेंद्र बबेले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वर्गीय राजीव गांधी को नमन करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# मंडी कर्मचारियो द्वारा सुविधा शुल्क मांगने पर भडके किसान

- किसानो ने हंगामा काट, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन
- सूचना पर पहुंचे एसडीएम, सीओ, कोतवाल ने किसानो को समझा बुझाकर जाम खुलवाया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गल्ला मंडी कोंच के कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर सुविधा शुल्क मांगने का मामला तूल पकड़ गया। प्याज लेकर मंडी पहुंचे किसानों ने गुरुवार दोपहर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के प्रदर्शन से क्षेत्र में काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा और मौके पर अफरा-



तफरी का माहौल बन गया ।बताया गया कि कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम भेंड़ सहित आसपास के कई किसान अपनी प्याज की फसल बेचने मंडी पहुंचे थे। किसानों का आरोप है कि मंडी कर्मचारियों द्वारा उनसे सुविधा शुल्क की मांग की जा रही थी। किसानों ने कहा कि जो किसान पैसे देने से मना कर रहे थे, उन्हें चालान और अन्य कार्रवाई की धमकी दी जा रही थी। इसी बात से नाराज किसानों ने मंडी परिसर के बाहर सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अवैध वसूली बंद कराने की मांग की। किसानों का कहना था कि पहले ही खेती में लागत बढ़ चुकी है, ऊपर से मंडी में इस तरह की वसूली किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है ।मामले की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया तत्काल उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया और मामले की जांच का आश्वासन दिया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया गया ।और किसानो ने अधिकारियो की बात को मानकर जाम खोल दिया ।वहीं किसानों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम हेमंत पटेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंडी कर्मचारी अशोक गुप्ता को सस्पेंड कर दिया। प्रशासन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि किसी भी कर्मचारी की संलिप्तता पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद मंडी व्यवस्था और किसानों से होने वाली कथित अवैध वसूली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। किसान संगठनों ने भी मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# लाठी डंडो से की जमकर मारपीट

## -मरा समझकर सड़क पर छोड़कर भागे हमलाबर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** लाठी डंडों से प्राण घातक हमला करते हुए इतना मारा कि मरा हुआ समझकर हमलाबर व्यक्ति को सड़क पर छोड़कर रफूचक्कर हो गए जब गुजरने बाले राहगीरों ने व्यक्ति को देखा तो सड़क दुर्घटना समझ कर पीड़ित को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।घटना दिनांक 17 मई 2026 समय करीब रात्रि 10:30 बजे की है जब विक्रम सिंह उर्फ विक्की पुत्र बाबूराम निवासी



मालवीय नगर हाल निवास 59/10 कांशीराम कालौनी अपनी ससुराल ग्राम खूजा थाना समथर जिला झांसी से वापस अपने घर लौट रहा था तभी सड़क पर दुर्घटना की सूचना विक्रम सिंह की पत्नी सुमन को फोन के माध्यम से मिली और बताया गया कि घायल को पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई है जहां से गंभीर हालत होने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया जिसे इलाज हेतु ग्वालियर ले गए जहां पर डॉक्टर ने बताया कि विक्रम के पैर की जांघ की हड्डी व घुटने के नीचे की हड्डी टूटी है एवं सीने की पसलियां भी टूटी हैं जब विक्रम को होश आया तब उसकी पत्नी ने उससे पूंछा तो पता चला कि यह दुर्घटना नहीं थी वल्कि रास्ते में उसे अवधेश पुत्र लालाराम अहिरवार, रविकांत उर्फ जैकी पुत्र कमलेश और अभिषेक उर्फ टिन्नू पुत्र सुरेश अहिरवार निवासीगण मुहल्ला मालवीय नगर ने पठा मंदिर के पास रोककर हांथों में लोहे व लकड़ी के डंडे से जान लेवा हमला करते हुए मारापीटा उसने बताया कि हमलावरो में कुछ अज्ञात लोग भी शामिल थे ।उसने बताया उक्त लोग मरणासन्न अवस्था मे छोड़कर भाग गए। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।पीड़ित की पत्नी सुमन ने गुरुबार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है वहीं सुमन का कहना है कि मेरे परिवार में पति ही कमाता था क्योंकि मेरी सास अंधी व जेठ विकलांग है और दो छोटे छोटे बच्चे हैं ।पुलिस ने प्रार्थनापत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू की।

# घर के बाहर रखा जनरेटर चोरी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । घर के बाहर रखा जनरेटर चोरी होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम नहर कोठी के पास निवासी कुलदीप सक्सेना ने पुलिस को बताया कि वह घरेलू उपयोग के लिए जनरेटर रखे हुए हैं। बुधवार की रात उनका लगभग 30000 रुपये कीमत का जनरेटर घर के बाहर रखा था। रात में जब घर के सभी सदस्य सो गए। तभी अज्ञात चोर घर के बाहर रखे जनरेटर को चोरी कर ले गए। सुबह जागकर जब घर के बाहर देखा तो जनरेटर गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी जनरेटर का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में फंदे से लटका मिला मजदूर का शव, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )

रेंढ़र थाना क्षेत्र के कुंवरपुरा गांव में गुरुवार को एक मजदूर का शव खेत में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र हरिदास के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया ।थाना प्रभारी रामशंकर ने बताया कि बलवीर सिंह का शव खेत में गमछे के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर रेंढ़र पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बलवीर सिंह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार बलवीर शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और मेहनत मजदूरी कर घर चलाते थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# बोर्ड बैठक का एजेंडा न मिलने से नाराज सभाषदों ने ईओ को दिया प्रार्थनापत्र

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर पालिका परिषद अपनी मनमानी के लिए शुरू से जानी जाती है और उसके द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर सवालिया निशान लग रहे हैं अब सभाषदों ने भी पालिकाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए विकास कार्यों में बाधा डालने की बात कही है ।नगर पालिका परिषद के सभाषदों ने अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव को एक प्रार्थनापत्र देकर बताया कि दिनांक 20 मई 2026 तक बजट 2026-27 एवं विकास कार्य हेतु बोर्ड बैठक का कोई एजेंडा नहीं मिला है जिससे प्रतीत होता है कि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता स्वयं विकास कार्यों एवं बजट में बाधा डालने का कार्य कर रहे हैं और दो माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाबजूद भी मुख्यमंत्री सृजन योजना एवं राज्य वित्त आयोग के वर्क आदेश भी निर्गत नहीं किये गए हैं जबकि अगले माह के बाद बारिश शुरू हो जाएगी तब विकास कार्य कराना सम्भव नहीं होगा सभाषदों ने ईओ से शीघ्र ही बोर्ड बैठक एवं वर्क आदेश निर्गत कराये जाने की मांग की है इस दौरान सभाषद खुशबू, सीमा, माधवेंद्र सिंह, ममता देवी, सहित तमाम सभाषद गण मौजूद रहे। क्या कहा पालिकाध्यक्ष ने इस संबंध में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता से जानकारी हासिल की तो उन्होने कहा कि सभाषदो द्वारा ईओ को क्या प्रार्थनापत्र दिया है इसकी कोई जानकारी नही है।

# अवैध पिस्टल व कारतूस सहित एक बदमाश को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पुलिस ने अवैध पिस्टल और कारतूसों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।जानकारी के अनुसार कोतवाली की सुरई चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बुधवार/गुरुवार की रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैलिया बाईपास मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में खड़े सतेंद्र सिंह चौहान पुत्र माखन सिंह निवासी भीमनगर थाना रौन जिला भिंड मध्यप्रदेश को पकड़ लिया। पुलिस ने जामातलाशी में उसके पास से 32 बोर की एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने सतेंद्र के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष समेत पूर्व में छूट गए बार संघ पदाधिकारियों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बार संघ उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू निरंजन के अलावा पूर्व में शपथ नहीं ले पाए उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, वरिष्ठ सदस्य सुवीर सिंह निरंजन व सामान्य सदस्य इंद्रजीत सिंह राठौर को भी शपथ दिलाई गई।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता, एसडीएम हेमंत पटेल के मुख्य आतिथ्य और नायब तहसीलदार जितेंद्र पटेल, जिला बार से आए वरिष्ठ अधिवक्ता उदयशंकर द्विवेदी राजा के विशिष्ट आतिथ्य में यहां तहसील स्थित लेखपाल कक्ष में शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया।



एसडीएम ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा, बार एसोसिएशन का दायित्व है कि अधिवक्ता हित में काम करे। इसके साथ यह देखना भी अधिवक्ताओं का दायित्व है कि वादकारियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए जरूरी है कि बार और बैंच बेहतर तालमेल के साथ काम करें ताकि न्यायिक कार्य होते रहें। संचालन राकेश तिवारी ने किया। चुनाव अधिकारियों अवधेश कुमार द्विवेदी, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, नरसिंह गहरवार, वीरेंद्र कुमार जाटव, रामवीर सिंह गुर्जर, महेंद्र सिंह निरजंन,पुरुषोत्तमदास रिछारिया आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान संतोष गर्ग, संजीव तिवारी, रामशरण कुशवाहा, अरविंद्र कुमार दीक्षित, हरिसिंह निरजंन, अनिल पटेरिया, कुलदीप सिंह, रामलखन कुशवाहा, अवधेश कुमार नगाइज, संतोष खरे, योगेंद्र कुमार अरूसिया, नवल किशोर जाटव, राघवेंद्र सिंह, हल्केसिंह बघेल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला, कालियामसन मर्दन व गोवर्धन पूजा का रोचक वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** हरीपुरा में घाटे वाले हनुमान मंदिर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित दिलीप दीक्षित ने श्रीकृष्ण बाल लीला, कालियामसन मर्दन व गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। नगर के मोहल्ला हरीपुरा में प्राचीन घाटे वाले हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आयोजित भागवत कथा में कथा व्यास पंडित दिलीप दीक्षित ने कहा कि बालक कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, अतरू हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। इसके अलावा कालिया मान मर्दन की कथा का भी वर्णन किया गया। इस मौके पर इस मौके पर पारीक्षित गजेंद्र सिंह, पुष्पा, संतोष, निशा, मंगल, पवन याज्ञिक, संतोष कुमार, श्याम कुशवाहा, धीरज साहू, सुरेश भगत, विशाल, उमेश सैनी, विनोद, अमित, लक्ष्मीकांत आदि रहे।

# रात में सड़क पर उतरे डीएम-एसपी, हाईवे सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## कालपी पुल पर डायवर्जन, जोल्हूपुर ओवरब्रिज और आटा टोल पर अलर्ट सिस्टम को लेकर दिए सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं दुर्घटनामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कल देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कालपी स्थित यमुना पुल, जोल्हूपुर चौराहा एवं आटा टोल प्लाजा पहुंचकर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा उपायों तथा आमजन की सुविधा से जुड़े बिंदुओं का गहन जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कालपी स्थित यमुना पुल की मरम्मत कार्य को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक डायवर्जन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी स्थिति में आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए तथा भारी वाहनों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जोल्हूपुर चौराहे पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरब्रिज बनने से क्षेत्र में जाम एवं दुर्घटनाओं की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुचारु होगा। उन्होंने हाईवे किनारे संचालित उन दुकानों एवं मरम्मत केंद्रों पर भी नाराजगी जताई, जहां सड़क के किनारे ही ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों की मरम्मत की जा रही थी। जिलाधिकारी ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे की जद में आने वाले ऐसे अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों को तत्काल हटाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। आटा टोल प्लाजा पर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम को निरंतर सक्रिय एवं प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश, सावधानियां एवं दुर्घटना रोकथाम संबंधी स्लोगन नियमित रूप से प्रसारित किए जाएं। साथ ही टोल प्लाजा कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि रात्रि के समय गुजरने वाले वाहन चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें थकान की स्थिति में रेस्ट एरिया में विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक जागरूकता का विषय है। थोड़ी सी सावधानी और सतर्कता अनेक अमूल्य जीवन बचा सकती है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनोज सिंह, खनन अधिकारी सन्नी कौशल, एआरटीओ प्रशासन सुरेश, प्रवर्तन राजेश कुमार, एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रकरण की निष्पक्ष जांच को डीएम ने गठित की त्रिस्तरीय समिति

- चिकित्सकों व तीमारदारों के बीच हुए विवाद की होगी गहन जांच, दोषियों पर तय होगी जिम्मेदारी
- एडीएम नामामि गंगे प्रेमचंद मौर्य होंगे कमेटी के अध्यक्ष तथा एएसपी ईसान सोनी विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक मेडिसिन डॉ. पुनीत अवस्थी को भी सदस्य बनाया गया, उक्त कमेटी मेडिकल कॉलेज में बीती रात घटी जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच घमासान मारपीट की बिंदुवार बारीकी से जांच करेगी और यह तय करेगी कि मेडिकल में हुए उपद्रव में किसकी कितनी भूमिका है, उसी के आधार पर आगे की पुलिस एवं विभागीय कार्यवाही तय की जाएगी




( यंग भारत न्यूज )

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में चिकित्सकों एवं तीमारदारों के मध्य हुए विवाद एवं उससे उत्पन्न घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच के लिए त्रिस्तरीय जांच समिति गठित कर दी है। 18 मई 2026 की मध्य रात्रि लगभग 12 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में हुए विवाद की जांच हेतु अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद्र मौर्य को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक मेडिसिन डॉ. पुनीत अवस्थी तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी को सदस्य नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि गठित समिति पूरे घटनाक्रम के प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच करेगी। समिति विवाद के कारणों, संबंधित पक्षों की भूमिका, मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का परीक्षण कर उत्तरदायी व्यक्तियों एवं परिस्थितियों का चिन्हांकन करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य संस्थानों में अनुशासन, सुरक्षा एवं बेहतर कार्य वातावरण बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समिति को निर्देशित किया है कि जांच आख्या शीघ्र पूर्ण कर प्रस्तुत की जाए, ताकि तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# फरियादियों को मिला भरोसे का प्रशासन

## जनसुनवाई में डीएम ने सुनी हर फरियादी की आवाज, कई मामलों में मौके पर दिए समाधान के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय लगातार संवेदनशील एवं सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए ।जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर निकाय, राशन कार्ड, सड़क, पेंशन, अतिक्रमण एवं भूमि विवाद से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई, वहीं गंभीर प्रकरणों में जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन को न्याय एवं राहत समय पर मिले। किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को सहज वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर मिला, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत दिखाई दिया।

# भ्रष्टाचार पर डीएम का जीरो टॉलरेंस, अवैध वसूली के आरोपी वाटर मैन को किया निलंबित

## वीडियो वायरल होते ही जिलाधिकारी ने लिया तत्काल संज्ञान, एसडीएम जांच में दोषी पाए जाने पर हुई सख्त कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोंच मंडी में किसानों से अवैध वसूली किए जाने के आरोप में वायरल हुए वीडियो प्रकरण पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी कौंच हेमंत पटेल को जांच अधिकारी नामित कर पूरे प्रकरण की जांच कराई। जांच के दौरान किसानों द्वारा लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए तथा अशोक गुप्ता वाटर मैन द्वारा अनियमितता एवं अवैध वसूली किए जाने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिलाधिकारी ने अशोक गुप्ता वाटर मैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने व जांच के निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़, भ्रष्टाचार अथवा अवैध वसूली किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आमजन विशेषकर किसानों को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जनपद प्रशासन भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था एवं किसानों के सम्मान की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# मेडिकल कॉलेज में मरीज व तीमारदारों से मारपीट का मामला गरमाया, व्यापारियों ने बंद रखा बाजार, डॉक्टरों ने भी की हड़ताल

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीज और तीमारदारों के साथ डॉक्टरों द्वारा कथित मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में एक ओर जहां शहर के व्यापारियों ने बाजार बंद कर अपना विरोध दर्ज कराया, वहीं गुरुवार को डॉक्टरों ने भी हड़ताल कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई।

बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में मरीज और उनके परिजनों के साथ हुई मारपीट की घटना से आमजन में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में व्यापार मंडल के आह्वान पर घंटाघर, राजा बाजार सहित शहर के प्रमुख बाजार बंद रहे। व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि मरीजों और तीमारदारों के साथ इस प्रकार का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।दूसरी ओर, डॉक्टरों ने भी घटना के विरोध में कार्य बहिष्कार करते हुए हड़ताल की। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर में चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मामले को लेकर पूरे शहर में चर्चा का माहौल है। प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर स्थिति को सामान्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी की सतत निगरानी में शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई परीक्षा

## 3336 परीक्षार्थियों में 2793 रहे उपस्थित, 543 अभ्यर्थी अनुपस्थित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद में लेखपाल मुख्य परीक्षा 2025 सकुशल संपन्न, विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, प्रवेश व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों की सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया, लेखपाल मुख्य परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न हुई। जनपद में कुल 09 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 3336 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2793 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 543 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में कुल 480 परीक्षार्थियों में 399 उपस्थित एवं 81 अनुपस्थित रहे। आर्य कन्या इंटर कॉलेज में 384 में से 318 उपस्थित तथा 66 अनुपस्थित रहे। डीएवी इंटर कॉलेज में 240 में से 199 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 41 अनुपस्थित रहे। दयानंद वैदिक कॉलेज में 312 में से 273 उपस्थित एवं 39 अनुपस्थित दर्ज किए गए। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 384 में से 314 उपस्थित एवं 70 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज में 384 में से 318 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 66 अनुपस्थित रहे। सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 384 में से 323 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 61 अनुपस्थित रहे। सर्वोदय इंटर कॉलेज में 384 में से 324 उपस्थित एवं 60 अनुपस्थित रहे। वहीं श्री गांधी इंटर कॉलेज में 384 में से 325 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 59 अनुपस्थित दर्ज किए गए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन की कड़ी निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न हुई।

# कलश यात्रा के साथ श्री राम यज्ञ प्रारंभ किया गया

( यंग भारत न्यूज )



**कोटरा-उरई।** कस्बा के नदी किनारे स्थित नक्की बाबा हनुमान जी मंदिर पर कलश यात्रा के साथ श्री राम यज्ञ प्रारंभ किया गया नदी किनारे नक्की बाबा हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है यहां मंदिर समिति द्वारा श्री राम यज्ञ का आयोजन 21 मई से 27 मई तक पांच कुंडीय श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में गुरुवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई इसमें 101 मिट्टी के कलश लेकर महिलाएं रामधुन के साथ चल रही थी यह कलश यात्रा नरसिंह जी मोहल्ला मुजफ्फरनगर, मुगलाना घाट, बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, भान चौराहा, छोटी माता मंदिर नरसिंह जी मंदिर होते हुए नदी बेतवा पहुंची जहां पंडित आत्माराम महाराज द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ सभी कलश में पानी भरा गया कलश यात्रा के बाद सभी कलशो को यज्ञ मंडप पर प्रतिष्ठापित किया गया कलश यात्रा में संदीप व्यास राजास्वामी, रजत स्वामी, विद्दे केवट, सुनील स्वामी, पप्पू पाठक, संजू मिश्रा जीतू गुप्ता अपने सैकड़ो साथियों के साथ भगवान श्री राम के जयकारे लगाते चल रहे थे कलश यात्रा का भक्ति समाज द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

# लू के साथ भीषण गर्मी से जन मानस से ज्यादा बेजुबान पशुओं और पक्षियों की जान पर बनी है गर्मी

## दोपहर के समय सड़कों एवं बाजारों में फैल जाता है सन्नाटा दुकानदारों में मायूसी

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** इन दिनों लू के साथ हो रही भीषण गर्मी से जहां एक हो जनमानस बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर पशु पक्षियों के भी हाल भी हाल बेहाल हो रहे हैं। पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद सड़कों एवं बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। दुकानदार ग्राहकों की आस में अपनी-अपनी दुकानों पर जमे रहते हैं। ग्राहकों के नहीं आने से उन्हें ग्राहकों के अभाव में मायूसी मिल रही है। विद्यालय एवं कोचिंग के लिए जाने-आने वाले छात्र-छात्राओं को भी इस भीषण गर्मी से जूझने को मजबूर होना पड़ता है। . इन दिनों गर्मी का सितम लू की तपन अपना कहर बरसा रही है जिसके कारण जनमानस की साथ ही कुछ पक्षी व पेड़ पौधे भी गर्मी की भीषण तपन के कारण व्याकुल से प्रतीत हो रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया ताबड़तोड़ चैकिंग अभियान

## दो स्लीपर बसों पर की गयी कानूनी कार्रवाई




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा 20 मई 2026 को परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 02 स्लीपर बसों के विरुद्ध चालान व 02 स्लीपर बसों के विरुद्ध निरुद्ध की कार्यवाही करते हुए उन्हें संकटमोचन मण्डी, चैकी कालपी रोड उरई में निरुद्ध किया गया।

साथ ही राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) द्वारा संयुक्त रुप से जनपद के विभिन्न स्थलों (जोल्हूपुर मोड़, गोबिन्दम तिराहा, मेडिकल तिराहा) पर हेलमेट का प्रयोग न करने के अभियोग में 128, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने के अभियोग में 108, रांग साइड ड्राइविंग करने के अभियोग में 39, नो पार्किंग के अभियोग में 20, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियोग में 04 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए चालान किए गए।

# विधायक खेल महोत्सव के तहत विधानसभा प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

## प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का किया विधिवत शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विधायक खेल महोत्सव के तहत एमएसडी महाविद्यालय तीतरा के मैदान में आयोजित माधौगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग और भव्य उद्घाटन बुधवार रात प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल विभाग के राज्यमंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि किया ।उद्घाटन समारोह में निर्धारित समय से करीब दो घंटे की देरी से पहुंचे प्रभारी मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, माधौगढ़ विधायक और टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक मूलचंद्र निरंजन के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में बोलते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की प्रतिभा निखारने का काम सर्वाधिक लोकप्रिय खेल क्रिकेट के माध्यम से किया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीति और नीयत बिल्कुल स्पष्ट है कि क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मुहैया कराया जाये। पूर्व की सपा सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रतियोगिता होती थी कि कौन कितना अच्छा कट्टा चलाता है, जबकि भाजपानीत योगी जी की सरकार में प्रतियोगिता होती है कि कौन कितना अच्छा क्रिकेट खेलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी गुंडे की ताकत नहीं है कि रात 12 बजे भी सड़क पर चलने वाले व्यक्ति को रोके-टोके। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की अच्छी व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि विधायक मूलचंद्र निरंजन के बेहद सफल प्रयासों की



जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। विधानसभा क्षेत्र के लोग खुशनसीब हैं जिन्हें एक सरल, सहज और कर्तव्यनिष्ठ जनप्रतिनिधि के रूप में मूलचंद्र जैसा विधायक मिला है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने क्षेत्र में मिनी स्टेडियम बनवाने का भी आश्वासन दिया जिसको लेकर खूब तालियां बजी। भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भी टूर्नामेंट के आयोजन की तारीफ करते हुए सभी को बधाई दी।आयोजक और विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि उनका प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। क्षेत्रवासियों के स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद से वह निरंतर ऐसे आयोजन कराते रहेंगे। इससे पूर्व टूर्नामेंट आयोजन समिति के प्रमुख और विधायक पुत्र आशु निरंजन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री, जिलाध्यक्ष और विधायक का फूलमाला, पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। मुख्य द्वार पर सुसज्जित जेसीबी से की गई पुष्पवर्षा आकर्षित करने वाली रही। समारोह में पंडोखर धाम से पधारे महंत अनिल भारद्वाज, कोंच पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पुनीत मित्तल जालौन, ब्लॉक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन, जिला पंचायत सदस्य एवं जिला महामंत्री भाजपा पुष्पेंद्र सेंगर, रामलखान औद्दिच्य, देवेंद्र निरंजन छुन्ना, रामजी राजावत, अमित निरंजन, शीलू पड़री, क्रांति शर्मा, डॉ बीके निरंजन झांसी, गौरी चबोर, अरविंद निरंजन मुनिया,कुलदीप पटेल ठेकेदार सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक सहित क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे ।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप मास्टर धनौरा एवं विकास पटेल ने सामूहिक रूप से किया।

# दुख में भगवान की आती है याद - राममोहन

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ ( जालौन )** तहसील की ग्राम पंचायत सुल्तानपुरा के श्री हनुमान जी मंदिर के परिसर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भगवताचार्य पं राममोहन शास्त्री अखनीबा ने अपने सरस हृदय से बताया कि कुंती ने भगवान से दुख मांगा पूछने पर बताया कि दुख रहेंगे तो भगवान की याद करेगे इसलिए दुख भी जरूरी है जिससे वह



भक्त भगवान की ओर आकर्षित हो जाता है। वराह अवतार, कपिल मुनि के प्रसंग, नारद-ब्रह्मा संवाद, और सृष्टि की उत्पत्ति का मुख्य रूप से वर्णन किया है कथा के दौरान ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व को समझाया गया है। भगवान ब्रह्मा द्वारा सृष्टि के विस्तार और विभिन्न लोकों की रचना की कथा कपिल अवतार माता देवहूति और भगवान कपिल के बीच हुए संवाद के माध्यम से सांख्य योग का ज्ञान ?वराह अवतार: पृथ्वी की रक्षा के लिए भगवान विष्णु द्वारा वराह रूप धारण करने और हिरण्याक्ष के वध की कथा भक्ति का महत्व को समझाया कलयुग में ईश्वर की महिमा और हरि नाम संकीर्तन के प्रभाव का असर सम्पूर्ण जगत में विद्यमान है। पारीक्षत राजबहादुर सिंह राजावत फौजी मल्लू मिश्रा अरविंद मिश्रा बलवान सिंह सुखपाल सिंह रूप सिंह केशव सिंह रामशरन सिंह अजय सिंह भीकम सिंह बलवीर सिंह तोमर राजा सिंह ने महिपाल सिंह करन सिंह जसमंत सिंह विश्वनाथ सिंह लाखन सिंह सोनू सिंह राहुल सिंह वीरभान सिंह राघवेंद्र सिंह देवेन्द्र सिंह मुन्ना ठेकेदार रजपाल सिंह वीरपाल सिंह रंधीर सिंह बृजेन्द्र सिंह गजेन्षद्र सिंह सहित सैकडों भक्तों की मौजूदगी रही है

# निषाद पार्टी की बैठक का आयोजन ग्राम गोपालपुर में संपन्न

## कुलदेवता निषाद राज कि पूजा आरती कर फूलो कि माला पहनाकर प्रसादी वितरण की

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ जालौन** खंड विकास माधौगढ़ के अंतर्गत ग्राम गोपालपुरा में राजेंद्र कुमार निषाद के निज निवास पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार निषाद बराबकी ने बैठक कि निषाद पार्टी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि निषाद केवट मल्लाह कस्यप एक समाज है अलग-अलग नाम से जाने जाते है निषाद समाज को आरक्षण मिला पर निषाद समाज के व्यक्तियों को कुर्सियां नहीं मिली केवट मल्लाह पहले नदियों में नाव चलाकर व्यापारियों को व्यापार बढाते थे रात रात भर व्यापारियों समान को नाव पर रखकर बैठाकर नदी पार कराते थे व्यापारियों का व्यापार बढ़ाने का कार्य किया सदैव औरो कि मदद कि सभी पार्टियों को वोट भी दिए वोट लेने के बाद केवट मल्लाह समाज को भूल जाते है जबकि निषाद



सामाज 18% है इस के बावजूद भी कोई ना तो संसद में बैठा ना किसी केंद्र में उसी के चलते आज गोपालपुरा में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद ने निषाद समाज को बढाने के लिये गांव गांव निषाद मल्लाह समाज के व्यक्तियों से संपर्क कर जागरूकता अभियान चलाया निषाद राज जिन्दावाद के नारों से गुंजा गोपालपुरा गांव जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार निषाद ने जानकारी देते हुए बताया 24 मई को भव्य विशाल रैली का आयोजन कालपी में होने जा रहा है समस्त निषाद समाज के व्यक्तियो को रैली में एकजुट होकर सम्मिलित होना है वाहन की व्यवस्था की गई है मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार निषाद( उर्फ) मुखिया लखन बाथम माखन बाथम टूटी महावीर करंजू सैकड़ो की तादात में निषाद समाज के व्यक्ति मौजूद रहे

# तीमारदारों पर डॉक्टरों का जानलेवा हमला होने के बाद उरई का बाजार बंद रख कर घण्टा घर पर किया गया जबरदस्त प्रदर्शन के बाद एफआईआर हुई दर्ज

### -जुनियर डॉक्टर आराध्य नगाइच सहित 30-40 लोगो के खिलाफ पीड़ित तीमारदार की ओर से अब दर्ज हुई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीज पक्ष और डॉक्टरों के बीच हुए विवाद ने मंगलवार को बड़ा रूप ले लिया। मामले में एक नामजद सहित करीब 40 डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज परिसर में देर रात तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा और भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

बताया जा रहा है कि पीड़ित बुजकिशोर गुप्ता अपनी घायल बेटी स्मृति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि पर्चा बनवाने में देरी होने के कारण परिजनों ने डॉक्टरों से प्राथमिक उपचार शुरू करने की गुहार लगाई, लेकिन बिना पर्चे इलाज करने से इनकार कर दिया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक ने क्षेत्रीय विधायक को फोन कर मामले की जानकारी दी, जिसके बाद डॉक्टर नाराज



हो गए। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज के कुछ जूनियर डॉक्टरों और स्टाफ ने एकजुट होकर पीड़ित परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान घायल युवती के भाई के साथ भी अभद्रता की गई तथा मोबाइल फोन तोड़े जाने का आरोप लगाया गया है। विवाद बढ़ने के बाद मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया गया और करीब 300 मेडिकल छात्र एवं डॉक्टर मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मारपीट में घायल युवक की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर ऊमरी पुलिस का चेकिंग अभियान, नगर में किया पैदल मार्च

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़/जालौन।** सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से ऊमरी चौकी इंचार्ज भारत सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने की सीख दी गई।

चौकी इंचार्ज भारत सिंह ने नगर में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि तेज आवाज वाले हॉर्न एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों से न केवल वातावरण प्रभावित होता है, बल्कि आमजन की शांति एवं सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न होता है। पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों की भी जांच की गई। इस दौरान चौकी इंचार्ज भारत सिंह पूरे पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च करते नजर आए। चेकिंग अभियान के चलते वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करने की अपील की।

# आटा पुलिस ने 17 अवैध देसी क्वार्टर बरामद

( यंग भारत न्यूज )

- विक्रेता युवक गिरफ्तार
- जनपद के अलग अलग क्षेत्रों में फैला रखा है अवैध शराब के तस्करों ने अपना जाल
- जनपद की सक्रिय पुलिस लगातार पकड़ रही है अवैध शराब

**कालपी -उरई।** सीओ कालपी अवधेश कुमार सिंह के निर्देश के अनुरूप थाना आटा पुलिस के द्वारा भदरेखी गांव में एक युवक को 17 अदद देसी नजायज शराब समेत गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम सुरेश कुमार यादव, हमराही गुलशन कुमार पौने 10 बजे बजे थाना आटा से ग्राम भदरेखी की ओर जा रहे थे कि जैसे ही पुलिस टीम वर्मा कृषि फार्म के सामने पहुंची तो मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति ठेका देशी शराब अधिक मात्रा में लिए भदरेखी की नहर पुलिया पर खड़ा है। यदि जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर उसके बताए गए स्थान की ओर चल दी। संदिग्ध व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक की बोरी लिए खड़ा था ।पुलिस टीम ने उस व्यक्ति को रुकने को कहा तो अनसुना करते हुए तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने दौड़कर उस व्यक्ति को नहर पुलिया ग्राम भदरेखी के पास पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम करण सिंह निवासी ग्राम सधारा थाना आटा बताया ।जामा तलाशी में 17 अदद देसी शराब क्वार्टर ठेका नाजायज बरामद हुए बरामद बोरी को खोल कर देखा तो उसके अंदर ठेका शराब क्वार्टर नाजायज 17 अदद मिले। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

# माधौगढ़ कोतवाली में आगामी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़।** आगामी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर माधौगढ़ कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विनय मौर्य ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि खुले में कुर्बानी देने से बचें तथा कोई भी व्यक्ति अपने स्तर से नई परंपरा शुरू न करे, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक हैं। किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी अभिलाख मिश्रा ने कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग कर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी ने रामपुरा स्टैंड पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया, जबकि नगर पंचायत माधौगढ़ के वार्ड नंबर 2 के सभासद अरविन्द सिंह सेंगर ने चितौरा स्टैंड पर अतिक्रमण की शिकायत प्रशासन के समक्ष रखी। इस दौरान कुछ दिनों पूर्व माधौगढ़ में लगे मेले में कथित जुए का वीडियो वायरल होने का मुद्दा भी चर्चा में आया। इस पर कोतवाली प्रभारी अभिलाख मिश्रा ने बताया कि मामले से मेला संचालक को अवगत करा दिया गया है और आवश्यक जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शांति व्यवस्था, अतिक्रमण और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया।

# 99 प्रगणक तथा 15 सुपरवाइजर आज से शुरू करेंगे जनगणना कार्य

## भारत की जनगणना 2026 का 30 जून तक चलेगा, एसडीएम व ईओ ने बांटी किटें

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि नगर के समसत 25 वार्डों में जनगणना का कार्य 22 मई से 30 जून तक चलेगा। जनगणना कार्य



के लिये 15 सुपरवाइजरों तथा 99 प्रगणकों को तैनात किया गया है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी ने सुपरवाइजरों तथा प्रगणकों को किट का बितरण करके जरुरी निर्देश दिये।

उल्लेखनीय हो कि जनगणना के प्रथम कार्य फील्ड सर्वे का प्रारंभ किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला जनगणना कार्य में जांच अधिकारी के रूप दायित्व निभायेंग। नगर पालिका कालपी के अधिशासी अधिकारी की देखरेख में कालपी में जनगणना कराई जा रही है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कालपी में 25 वार्डों को 99 ब्लॉकों में विभक्त किया गया हैं। प्रत्येक ब्लॉक के अलग-अलग प्रगणक निर्धारित कर तैनात किया गया किए गए हैं। प्रत्येक ब्लॉक का प्रगणक अपने-अपने ब्लॉक में घर-घर जाएगा। वहां जाकर जनगणना की जानकारी इकट्ठा करेगा अधिशासी अधिकारी ने जनता से अपील की है कि नगर पालिका का प्रग़णक प्रत्येक घर में जाएगा तो उनके साथ अच्छा व्यवहार करें। व सही जानकारी साझा करें। जनगणना राष्ट्रीय महोत्सव का कार्य इसी जनगणना के आधार पर सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं को सही तरीके से तथा सही परिवार तक पहुंच सकेगी। इस जनगणना से सरकार को यह जानकारी हो पाएगी कि किस परिवार को क्या-क्या संसाधन है। किन-किन संसाधनों की उनको जरूरत है और सरकार को सटीक जानकारी हो पाएगी। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि भारत की जनगणना -2026 कार्य में सभी लोग बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे।

# सामान खरीदने गये अधेड़ के बेकाबू ट्रक की टक्कर से घायल होने पर मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जोल्हूपुर मोड़ में बेकाबू ट्रक से टक्कर लगने से राहगीर अधेड़ व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में पीड़ित पक्ष की ओर से आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त घटना को लेकर वादी मानवेंद्र पाल पुत्र फूल सिंह पाल ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 14 मार्च 2026 समय करीब 11 बजे दिन में प्रार्थी के पिता फूल सिंह पुत्र राम भरोसे उम्र 55 वर्ष जोल्हूपुर मोड़ में सब्जी लेने गये हुते थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक नंबर यूपी 75 एटी 5247 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाते हुए चालक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में फूल सिंह को गंभीर चोटें आई। प्रार्थी ने एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया डॉक्टर की टीम ने देखने के बाद उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कानपुर हैलट हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। हैलट में भर्ती न होने के कारण अनंतराज हॉस्पिटल अकबरपुर कानपुर देहात में भर्ती कराया गया वहां पर पिता का इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# सीएचसी में स्थापित कूलर ठप्प होने से भीषण गर्मी से उबल रहे हैं मरीज और तीमारदार

## हाय तौबा की स्थिति

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** चिलचिलाती धूप तथा भीषण गर्मी के वावजूद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा बिभाग का प्रबंधन ठीक नहीं चल रहा है ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के कई कूलर पंखे बंद होने से मरीजों तथा तीमारदारों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने जल्द पंखे कूलर ठीक कराने की अपेक्षा की है।

मालूम हो कि वर्तमान समय में कालपी में गर्मी का सितम जोरों पर है। करीब 45 डिग्री तापमान पहुंच रहा है ।ऐसी परिस्थितियों में गर्मी व लू लपट में मरीज तथा नागरिक जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर जाते हैं ।तो वहां उन्हें और भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कूलर संचालन नहीं कर रहा तथा भीड़ होने के कारण मरीज और तीमारदारों का इस गर्मी में बुरा हाल हो गया है। विभागीय कर्मचारी भी टालमटोल जवाब देते हैं। मरीजों और तीमारदारों को इस गर्मी में भीषण लू लपट के कारण बीमार हुए लोगों को अस्पताल के अंदर और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनहित में मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अधीक्षक से मांग है कि जो कूलर पंखे चिकित्सालय में बंद पड़े हैं। उसे जल्द ठीक कराया जाये। ताकि मरीजों तथा तीमारदारों को सुविधा हासिल हो सके।

# दो बेटियों ने भागकर की थी शादी, तीसरी भी करती थी हिंदू लड़के से बात...

## पिता अंसारी ने काट डाला; ट्रेन में मिली सिर कटी लाश को लेकर बड़ा खुलासा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस की एक बोगी में रखे बक्से से किशोरी के शव के टुकड़े बरामद हुए। बीते रविवार सुबह ट्रेन संख्या 15114 स्टेशन पहुंची तो सफाई के दौरान संदिग्ध बक्सा मिला।

जब उसे खोला गया तो अंदर प्लास्टिक और पुराने कपड़ों में लिपटे शव के पांच टुकड़े मिले। शव का सिर गायब था। मामला सामने आते ही जीआरपी और आरपीएफ की कई टीमें जांच में जुट गईं। पुलिस ने स्टेशन और ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति अपने साथियों के साथ भारी बक्सा लेकर ट्रेन के स्लीपर कोच एस-1 में चढ़ता दिखाई दिया। जांच आगे बढ़ी तो आरोपी की पहचान कुशीनगर जिले के सेवरही निवासी बिग्गन अंसारी के रूप में हुई। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि बक्से में उसकी 16 वर्षीय बेटी



शब्बा का शव था। पुलिस की मानें तो यही फुटेज पूरे मामले के खुलासे की सबसे बड़ी कड़ी साबित हुई। जांच में सामने आया कि शब्बा एक हिंदू युवक से फोन पर बातचीत करती थी। पिता बिग्गन अंसारी को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। उसने कई बार बेटी को समझाया और युवक से दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन शब्बा ने संपर्क खत्म नहीं किया। इसी बात से नाराज होकर पिता बेटी से नफरत करने लगा। सूत्रों के अनुसार, आरोपी की दो बेटियां पहले ही प्रेम विवाह कर चुकी थीं, जिससे वह सामाजिक बदनामी महसूस कर रहा था। उसे डर था कि शब्बा भी उसी रास्ते पर चली जाएगी। इसी मानसिकता ने उसे इतना क्रूर बना दिया कि उसने अपनी ही बेटी की हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। पांच दिन पहले उसने अपनी पत्नी और दोनों बेटों को रिश्तेदारों के घर भेज दिया था। घर में केवल शब्बा और उसकी बुजुर्ग दादी बची थीं। 16 मई को बिग्गन ने अपनी बहन नूरजहां और बहनोई मजबुल्लाह को घर बुलाया। देर शाम तीनों ने मिलकर शब्बा की हत्या कर दी। इसके बाद धारदार हथियार से शव के छह टुकड़े किए गए। पहचान छिपाने के लिए सिर धड़ से अलग कर गांव के तालाब में फेंक दिया गया। बाकी हिस्सों को प्लास्टिक और कपड़ों में लपेटकर बक्से में बंद किया गया और ई-रिक्शा से तमकुही रोड स्टेशन पहुंचाया गया। आरोपी और उसके साथी बक्से को छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में रखकर एसी कोच की तरफ से बाहर निकल गए। हालांकि कैमरों में उनकी हर गतिविधि कैद हो गई। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गांव के तालाब में गोताखोर उतारे, जहां से किशोरी का कटा हुआ सिर और हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया गया। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया है। जीआरपी अब आरोपी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है और मामले का जल्द आधिकारिक खुलासा करेगी।

# कानपुर में 53 सेकेंड में लाखों का सोना गायबः 'पिता के लिए अंगूठी खरीदनी है' कहकर युवक ने किया बड़ा खेल

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** प्रदेश के कानपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने महज 53 सेकेंड में लाखों रुपये का सोना लेकर फरार होने का कारनामा कर दिखाया। पूरी घटना बस के अंदर हुई और अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



जानकारी के अनुसार, युवक ने बेहद शातिर अंदाज में खुद को ग्राहक बताकर भरोसा जीता। उसने कहा कि उसे अपने पिता के लिए अंगूठी खरीदनी है और इसी बहाने वह सोने के गहनों को देखने लगा। शुरुआत में उसकी बातचीत और व्यवहार बिल्कुल सामान्य लग रहा था, जिससे किसी को उस पर शक नहीं हुआ। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक बड़ी चालाकी से गहनों को देखता है और फिर कुछ ही सेकेंड में मौका मिलते ही लाखों रुपये का सोना लेकर वहां से फरार हो जाता है। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या। बताया जा रहा है कि यह पूरी वारदात केवल 53 सेकेंड के भीतर अंजाम दी गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और पीड़ित पक्ष ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि युवक ने बेहद प्रोफेशनल तरीके से चोरी को अंजाम दिया, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल हो सकता है। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को देखकर हैरान हैं। कई यूजर्स ने लिखा कि '53 सेकेंड में ऐसा खेल कैसे हो सकता है,' जबकि कुछ लोगों ने इसे फिल्मों जैसी चोरी बताया। यह घटना एक बार फिर सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। खासकर कीमती सामानों के लेन-देन के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पर लोग जोर दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मामा और मौसी ने ही बना लिया युवती का अश्लील वीडियो, फिर शुरू किया ब्लैकमेल का खेल, देह व्यापार में भी धकेलने की कोशिश

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** प्रदेश के कानपुर जिले में नशीले पदार्थ, अश्लील वीडियो और उगाही का ऐसा मामला सामने आया है जिससे हर कोई हैरान है। एक युवती ने अपने ही मामा और मौसी ने पर बड़े आरोप लगाए हैं जो कि चर्चा का विषय है

उत्तर प्रदेश के कानपुर से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपनी सगी मौसी और मामा पर ऐसे आरोप लगाए हैं, जिन्होंने पारिवारिक रिश्तों की मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि विश्वास और पारिवारिक संबंधों का फायदा उठाकर पहले उसे कथित रूप से नशीला पदार्थ दिया गया, फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाकर लंबे समय तक ब्लैकमेल किया गया। इतना ही नहीं, महिला ने आरोप



लगाया कि उसे जबरन गलत गतिविधियों में धकेला गया और लगातार आर्थिक शोषण का शिकार बनाया गया। ये पूरा मामला कानपुर को चकेरी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वर्ष 2024 के दौरान उसकी मौसी और मामा ने कथित रूप से उसके साथ सुनियोजित तरीके से साजिश रची। महिला का आरोप है कि उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंचाया गया, जिसके बाद उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए गए। पीड़िता के अनुसार, इसके बाद उसके जीवन में परेशानियों का दौर शुरू हो गया। महिला का कहना है कि उन्हीं तस्वीरों और वीडियो को आधार बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया जाता रहा। विरोध करने पर कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक दबाव बनाया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी इच्छा के खिलाफ उस पर गलत काम करने का दबाव बनाया गया और बाद में उसे देह व्यापार जैसी गतिविधियों में धकेलने का प्रयास किया गया। महिला ने अपने बयान में यह भी कहा कि उसकी शादी होने के बाद उसे उम्मीद थी कि सब कुछ सामान्य हो जाएगा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। आरोप है कि शादी के बाद भी उससे लगातार पैसों की मांग की जाती रही। पीड़िता का दावा है कि एक कथित तांत्रिक के जरिए भी उस पर दबाव बनाया गया और उसे डराकर गलत काम कराए जाने की कोशिश की गई। सबसे गंभीर आरोप यह है कि महिला के आठ माह के मासूम बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर उससे रुपये वसूले गए। पीड़िता का कहना है कि बीते लगभग 20 महीनों में उससे करीब डेढ़ लाख रुपये लिए जा चुके हैं। इसमें हाल ही में दिए गए एक लाख रुपये भी शामिल बताए गए हैं। महिला का आरोप है कि जब उसने और पैसे देने से मना किया तो आरोपी कथित रूप से उसके अश्लील वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगे। लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव के बाद महिला ने पुलिस की शरण ली और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामला पुलिस के संज्ञान में पहुंच चुका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला नशीला पदार्थ और ब्लैकमेलिंग का मामला

( यंग भारत न्यूज )




कानपुर। प्रदेश के कानपुर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक युवती ने अपने मामा और मौसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यह मामला नशीले पदार्थों, अश्लील वीडियो और उगाही से जुड़ा हुआ है। कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपनी मौसी और मामा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पारिवारिक रिश्तों का फायदा उठाकर उसे नशीला पदार्थ दिया। इसके बाद उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाकर उसे लंबे समय तक ब्लैकमेल किया गया। महिला ने यह भी कहा कि उसे जबरन गलत गतिविधियों में धकेला गया और आर्थिक शोषण का शिकार बनाया गया। महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 2024 में उसकी मौसी और मामा ने उसके खिलाफ सुनियोजित साजिश रची। उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोश किया गया और फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाए गए। महिला ने कहा कि उसके जीवन में परेशानियों का दौर शुरू हो गया। उसे लगातार ब्लैकमेल किया गया और विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट का सामना करना पड़ा। आरोप है कि उसे गलत काम करने के लिए मजबूर किया गया और बाद में देह व्यापार में धकेलने का प्रयास किया गया। महिला ने बताया कि शादी के बाद उसे उम्मीद थी कि सब कुछ सामान्य हो जाएगा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। शादी के बाद भी उससे पैसे की मांग की जाती रही। महिला ने आरोप लगाया कि उसके आठ महीने के बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर उससे पैसे वसूले गए। पिछले 20 महीनों में उससे करीब डेढ़ लाख रुपये लिए गए हैं। जब उसने और पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसके अश्लील वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी तथ्यों की जांच की जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हमजा बुरहान भी जहन्नुम पहुंचा, पाकिस्तान में छिपे भारत के कितने दुश्मनों को 'अज्ञात' ने निपटाया?

( यंग भारत न्यूज )

पाकिस्तान की धरती पर भारत के दुश्मनों का काल बनकर मंडरा रहे अज्ञात हमलावरों ने एक और बड़े आतंकी को जहन्नुम पहुंचा दिया है. गुरुवार को खबर आई कि पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके में ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है.

पिछले कुछ सालों से पाकिस्तान के अलग-अलग शहरों में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है. मोटरसाइकिल पर आने वाले इन अज्ञात हमलावरों ने अब तक लश्कर, जैश और हिजबुल के कई टॉप कमांडरों को मौत के घाट उतार दिया है. इन रहस्यमय हत्याओं ने पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों और वहां पनाह लिए बैठे आतंकियों के आकाओं की नींद उड़ा दी है. कोई नहीं जानता कि इन आतंकियों की जान लेने वाले ये अज्ञात लोग आखिर कौन हैं. भारत सरकार की तरफ से साल 2022 में आतंकी घोषित किया गया हमजा बुरहान अब इस दुनिया में नहीं है. उसे मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने कई गोलियां मारीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हमजा बुरहान का असली नाम अर्जुमंद गुलजार डार था और वह खतरनाक आतंकी संगठन अल बदर से जुड़ा हुआ था. साल 2019 में पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले की साजिश में उसका बड़ा हाथ था, जिसमें भारत के 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे. इस हमले के बाद से ही वह भारत का बड़ा दुश्मन बना हुआ था, लेकिन पीओके में अज्ञात बंदूकधारियों ने उसे गोलियां मारकर हमेशा के लिए खामोश कर दिया. पाकिस्तान के लाहौर शहर में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्यों में शामिल अमीर हमजा को भी इसी साल अप्रैल में निशाना बनाया गया था. बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात हमलावरों ने अमीर हमजा पर अचानक अंधाधुंध फायरिंग कर दी. इस जानलेवा हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अमीर हमजा भारत के खिलाफ लंबे समय से जहर उगलने और आतंकी नेटवर्क को मजबूत करने का काम कर रहा था. जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मौलाना मसूद अजहर के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर अनवर की भी पिछले महीने पाकिस्तान में रहस्यमयी हालात में मौत हो गई. वह जैश के सभी बड़े ऑपरेशन्स को संभालता था. वहीं, पिछले साल मार्च में 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के बेहद करीबी अबू कतल उर्फ कतल सिंधी को झेलम सिंध में अज्ञात हमलावरों ने मार गिराया. कतल सिंधी साल 2024 में जम्मू-कश्मीर के रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले का मुख्य आरोपी था. इसके अलावा कराची में हाफिज सईद के एक और खास मुफ्ती कैसर फारूक को भी अज्ञात हमलावरों ने मदरसा के पास पीठ में गोलियां मारकर ढेर कर दिया था. साल 2016 में भारत के पठानकोट एयरबेस पर हुए बड़े आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ को सियालकोट की एक मस्जिद में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलियां मार दी थीं. 54 साल का शाहिद लतीफ भारत की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था और लंबे समय से पाकिस्तान में बैठकर कश्मीरी युवाओं को भड़काने का काम कर रहा था. इसी तरह लश्कर का



एक और खतरनाक भर्ती कमांडर अकरम खान गाजी भी नवंबर 2023 में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों की गोलियों का शिकार बन गया. गाजी भारत में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए नए लड़कों का ब्रेनवॉश करता था. लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर ख्वाजा शाहिद उर्फ मियां मुजाहिद की लाश एलओसी के पास नीलम घाटी में बेहद डरावनी हालत में मिली थी. अज्ञात हमलावरों ने पहले उसका अपहरण किया, फिर उसे बुरी तरह टॉर्चर करने के बाद उसका सिर धड़ से अलग कर दिया. इससे पहले साल 1999 में इंडियन एयरलाइंस के आईसी-814 विमान को हाईजैक करने वाले मुख्य आतंकियों में शामिल मिस्त्री जहूर इब्राहिम को कराची में मौत के घाट उतारा गया था. वह जाहिद अखुंद नाम से फर्जी पहचान छिपाकर रह रहा था, लेकिन अज्ञात हमलावरों ने उसके सिर में पॉइंट ब्लैंक रेंज से दो गोलियां मारकर उसका काम तमाम कर दिया था. मौलाना मसूद अजहर उर्फ मौलाना मोहम्मद मसूद अजहर अल्वी उर्फ वली आदम इस्सा.हाफिज मोहम्मद सईद उर्फ हाफिज मोहम्मद साहिब उर्फ हाफिज मोहम्मद सईद उर्फ हाफिज मोहम्मद उर्फ हाफिज सईद उर्फ हाफेज मोहम्मद सईद उर्फ हाफिज मोहम्मद सयीद उर्फ मोहम्मद सईद उर्फ मोहम्मद सईद.जकी-उर-रहमान लखवी उर्फ अबू वाहीद इर्शाद अहमद अर्शद उर्फ काकी उर-रहमान उर्फ जाकिर रहमान लखवी उर्फ जकी-उर-रहमान लकवी उर्फ जाकिर रहमान.दाऊद इब्राहिम कास्कर.वधावा सिंह बब्बर उर्फ चाचा.लखबीर सिंह उर्फ रोडे. रंजीत सिंह उर्फ नीता. परमजीत सिंह उर्फ पंजवड़. भूपिंदर सिंह भिंडा. गुरमीत सिंह बग्गा. गुरपतवंत सिंह पन्नून. हरदीप सिंह निज्जर.परमजीत सिंह उर्फ पम्मा. साजिद मीर उर्फ साजिद मजीद उर्फ इब्राहिम शाह उर्फ वासी उर्फ खाली उर्फ मोहम्मद वसीम. यूसुफ मुजम्मिल उर्फ अहमद भाई उर्फ यूसुफ मुजम्मिल बट उर्फ हुरैरा भाई. अब्दुर रहमान मक्की उर्फ अब्दुल रहमान मक्की. शाहिद महमूद उर्फ शाहिद महमूद रहमतुल्लाह. फरहातुल्लाह गोरी उर्फ अबू सूफियान उर्फ सरदार साहब उर्फ फारू. अब्दुल रऊफ असगर उर्फ मुफ्ती उर्फ मुफ्ती असगर उर्फ साद बाबा उर्फ मौलाना मुफ्ती रऊफ असगर. इब्राहिम अथर उर्फ अहमद अली मोहम्मद अली शेख उर्फ जावेद अमजद सिद्दीकी उर्फ ए.ए. शेख उर्फ चीफ. यूसुफ अजहर उर्फ अजहर यूसुफ उर्फ मोहम्मद सलीम. शाहिद लतीफ उर्फ छोटा शाहिद भाई उर्फ नूर अल दीन. सैयद मोहम्मद यूसुफ शाह उर्फ सैयद सलाहुद्दीन उर्फ पीर साहब उर्फ बुजुर्ग. गुलाम नबी खान उर्फ आमिर खान उर्फ सैफुल्लाह खालिद उर्फ खालिद सैफुल्लाह उर्फ जवाद उर्फ दांद. जफर हुसैन भट उर्फ खुर्शीद उर्फ मोहम्मद जफर खान उर्फ मौलवी उर्फ खुर्शीद इब्राहिम. रियाज इस्माइल शाहबांदरी उर्फ शाह रियाज अहमद उर्फ रियाज भटकल उर्फ मोहम्मद रियाज उर्फ अहमद भाई उर्फ रसूल खान उर्फ रोशन खान उर्फ अजीज. मोहम्मद इकबाल उर्फ शाहबांदरी मोहम्मद इकबाल उर्फ इकबाल भटकल. शेख शकील उर्फ छोटा शकील. मोहम्मद अनीस शेख. इब्राहिम मेमन उर्फ टाइगर मेमन उर्फ मुश्ताक उर्फ सिकंदर उर्फ इब्राहिम अब्दुल रजाक मेमन उर्फ मुस्तफा उर्फ इस्माइल. जावेद चिकना उर्फ जावेद दाऊद टेलर. हाफिज तलहा सईद. मोहिउद्दीन औरंगजेब आलमगीर उर्फ मकतब अमीर उर्फ मुजाहिद भाई उर्फ मोहम्मद भाई उर्फ एम. अम्मार उर्फ अबू अम्मार मैडम उर्फ औरंगजेब अंजार उर्फ मौलाना अम्मार मदनी उर्फ मौलाना अम्मार उर्फ अबू अम्मार उर्फ अम्मार अल्वी. अली काशिफ जान उर्फ जान अली काशिफ. मुश्ताक अहमद जरगर उर्फ लाट्रम. आशिक अहमद नेंगरू उर्फ नेंगरू उर्फ आशिक हुसैन नेंगरू उर्फ आशिक मौलवी. शेख साजाद उर्फ शेख सज्जाद गुल उर्फ सज्जाद गुल उर्फ सज्जाद अह शेख. अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डॉक्टर. इम्तियाज अहमद कंदू उर्फ साजाद उर्फ फैयाज सोपोर. शौकत अहमद शेख उर्फ शौकत मोची. बासित अहमद रेशी. हबीबुल्लाह मलिक उर्फ साजिद जट्ट उर्फ सैफुल्लाह उर्फ नूमी उर्फ नुमान उर्फ लंगड़ा. बशीर अहमद पीर उर्फ इम्तियाज आलम. इर्शाद अहमद उर्फ इदरीस. रफीक नाई उर्फ सुल्तान. जफर इकबाल उर्फ सलीम उर्फ जमालदीन उर्फ शमशेर नाई उर्फ शमशेर खान. बिलाल अहमद बेग उर्फ बाबर. शेख जमील-उर-रहमान. एजाज अहमद अहंगर. मोहम्मद अमीन खुबैब. अरबाज अहमद मीर. डॉ. आसिफ मकबूल डार. अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डला. हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा. लखबीर सिंह उर्फ लांडा. सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार. मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान. यूएपीए लिस्ट में शामिल कुल 57 मोस्ट वांटेड आतंकियों में से कई बड़े नाम पिछले कुछ समय में ढेर किए जा चुके हैं. इनमें से अधिकतर आतंकियों को पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने अपनी गोली का शिकार बनाया, जबकि कुछ अन्य देशों में मारे गए. नंबर 6. लखबीर सिंह उर्फ रोडे: खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट का यह टॉप आतंकी पाकिस्तान में छिपा बैठा था. दिसंबर 2023 में पाकिस्तान के लाहौर में बीमारी (हार्ट अटैक) के कारण इसकी मौत की रिपोर्ट सामने आई थी. नंबर 8. परमजीत सिंह उर्फ पंजवड़: खालिस्तान कमांडो फोर्स का चीफ, जो लंबे समय से पाकिस्तान में शरण लिए हुए था. 6 मई 2023 को लाहौर की जौहर टाउन सोसाइटी में सुबह की सैर के दौरान दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने इसे गोलियां मारकर ढेर कर दिया. नंबर 12. हरदीप सिंह निज्जर: खालिस्तानी आतंकी संगठन 'खालिस्तान टाइगर फोर्स' का चीफ. 18 जून 2023 को कनाडा के सरे शहर में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में अज्ञात हमलावरों ने इसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी. नंबर 22. शाहिद लतीफ उर्फ छोटा शाहिद भाई: साल 2016 के पठानकोट एयरबेस हमले का मुख्य मास्टरमाइंड. अक्टूबर 2023 में पाकिस्तान के सियालकोट की एक मस्जिद में अज्ञात बंदूकधारियों ने इसे गोलियां मारकर हमेशा के लिए खामोश कर दिया. नंबर 38. अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान: साल 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमले का मुख्य साजिशकर्ता और अल बदर का आतंकी.

# तमिलनाडु में कांग्रेस विधायक ने शपथ में राहुल जिंदाबाद कहा : गवर्नर ने टोका, बोले- ये शपथ का हिस्सा नहीं; विजय कैबिनेट में 23 मंत्री शामिल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान कामराज अमर रहें, राजीव गांधी अमर रहें और जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा- ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।



वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत तमिल थाई वाज्थु सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था। तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दो कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं। किलियूर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता एस राजेश कुमार ने शपथ मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने कामराज अमर रहें, भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहें और जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस पर राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए कहा, यह आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है। राजेश कुमार भी मुस्कुराए और इसके बाद शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने चले गए। शपथ समारोह की शुरूआत में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और फिर राष्ट्रगान जन गण मन बजाया गया। सबसे आखिर में तमिलनाडु का राज्य गीत तमिल थाई वाज्थु बजाया गया। 10 मई को विजय के मुख्यमंत्री पद की शपथ के दौरान भी यही क्रम अपनाया गया था, जिसके बाद विपक्ष और सहयोगी दलों ने नाराजगी जताई थी। विवाद बढ़ने के बाद विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम ने आश्वासन दिया था कि भविष्य में सभी सरकारी कार्यक्रमों में तमिल गान सबसे पहले बजाया जाएगा। पार्टी ने उस समय कहा था कि केंद्र सरकार के एक सर्कुलर के कारण यह क्रम बदला गया। कांग्रेस 59 साल बाद सरकार का हिस्सा बनी है। इससे पहले 1952 से 1967 तक तमिलनाडु (तब मद्रास राज्य) में कांग्रेस की सरकार रही थी। सी. राजगोपालाचारी, के. कामराज और एम. भक्तवत्सलम इस दौरान मुख्यमंत्री रहे। 1967 में डीएमके के सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों के साथ गठबंधन किया, लेकिन सरकार में शामिल नहीं हुई।

# बेटों-बहुओं की प्रताड़ना से टूटीं बुजुर्ग महिलाएं, कहीं घर से निकाला तो कहीं पीटकर दी जान से मारने की धमकी

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** कानपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाले दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं, जहां बुजुर्ग महिलाओं ने अपने ही बेटे और बहू पर मारपीट, प्रताड़ना और घर से निकालने के आरोप लगाए हैं। कल्याणपुर और कोहना थाना क्षेत्र में हुई इन घटनाओं के बाद पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई है। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास-विकास तीन स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी निवासी फूलमती ने बताया कि पति की मौत के बाद वह बेटे सूरज और बहू आरती के साथ रहती थीं। कुछ समय बाद दोनों का व्यवहार बदल गया और आए दिन गालीगलौज व मारपीट होने लगी। आरोप है कि बेटे-बहू ने उन्हें उनके ही घर से धक्के मारकर निकाल दिया, जिसके बाद वह किराये के मकान में रहने लगीं। पीड़िता के मुताबिक 13 मई की शाम वह अपने घर में रखे बर्तन लेने पहुंची थीं, लेकिन बेटे-बहू ने उन्हें फिर धक्का देकर भगा दिया। आरोप है कि उसी रात करीब 10 बजे दोनों किराये के मकान में पहुंचे और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कल्याणपुर पुलिस ने वृद्धा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरा मामला कोहना थाना क्षेत्र के पुराना कानपुर का है, जहां 70 वर्षीय गायत्री देवी ने अपनी बहू खुशबू यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुजुर्ग महिला का कहना है कि बहू संपत्ति पर कब्जा चाहती है और इसी को लेकर आए दिन विवाद करती है। आरोप है कि 14 अप्रैल को बहू ने उन्हें गिराकर पीटा और छाती पर चढ़कर जान से मारने की कोशिश की। गायत्री देवी के मुताबिक 12 मई की रात बहू ने घर में जमकर हंगामा किया। कमरे में रखे कपड़े और अन्य सामान निकालकर छत पर ले जाकर आग लगा दी। विरोध करने पर गालीगलौज करते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि थाने में शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। कोहना थाना प्रभारी प्रतीक सिंह ने बताया कि खुशबू यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं कल्याणपुर पुलिस भी बेटे-बहू के खिलाफ दर्ज मामले में जांच कर रही है। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने बुजुर्गों की सुरक्षा और पारिवारिक रिश्तों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सिद्ध पीठ चकाडोरी आश्रम पर होने वाले श्रीराम महायज्ञ एवं सामूहिक कन्या विवाहोत्सव की

## विख्यात कथा वाचक पं रमाकांत व्यास सुनाएंगे भागवत कथा

### -आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** जन आस्था के केंद्र सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर गौ लोकवासी महंत नरसिंह दास महाराज की पुण्य स्मृति में विगत 22 वर्षों से अनवरत होने वाले नौ दिवसीय महोत्सव श्री राम महायज्ञ एवं सामूहिक कन्या विवाहोत्सव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकीं हैं। जिसकी भव्य कलश यात्रा आज निकाली जायेगी।

आश्रम के महंत राकेशदास जी महाराज द्वारा बताया गया कि 22 म ?ई शुक्रवार को दोपहर दो बजे से विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया जाएगा।भागवत कथा के पारीक्षत अंजूलता हरिशंकर तिवारी,विकास तिवारी रहेगें। श्रीराम महायज्ञ में श्री धाम अयोध्या से यज्ञाचार्य पं धनंजय दास जी महाराज के साथ आने वाले आचार्यों द्वारा समस्त याज्ञिक अनुष्ठान करवाए जायेंगे ।विख्यात कथा वाचक भागवताचार्य पं रमाकांत व्यास महाराज रावतपुरा धाम द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। श्री राम महायज्ञ में अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में प्रमुख रूप से अनवरत रूप से अखंड रामायण पाठ,राम नाम संकीर्तन,चारों वेदों का पाठ व रात्रि में जालौन से आने वाले कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन के साथ साथ सामूहिक कन्या विवाहोत्सव किया जाएगा। यज्ञ में आने वाले समस्त दुकानदारों को विगत वर्षों की भांति बिजली,पानी व भोजन की संम्पूर्ण व्यवस्था यज्ञ समिति द्वारा नि:शुल्क की जाएगी। दूरदराज से आने वाले भक्तों को ठहरने के लिए विशेष कुटियों का निर्माण कर लिया गया है।आयोजन समिति द्वारा लगभग सभी याज्ञिक तैयारियां पूर्ण कर लीं गईं हैं। 30 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से विकास तिवारी सिया,रमाकांत मिश्रा,अरविंद हाटी वाले,विशाल द्विवेदी,कपिल सौनकिया,घनाराम मिश्रा,रुद्रप्रकाश तिवारी,विष्णु महाराज,अमित दीक्षित,प्रेमनारायण खरे,दिनेश अग्रवाल सहित कई अन्य भक्त जन व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में समस्त आगंतुकों का आभार महंत राकेशदास जी महाराज द्वारा सभी का व्यक्त किया गया।

# बसपा की सेक्टर स्तरीय बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में आज गुरूवार को पार्टी की सेक्टर स्तरीय बैठक 225 गरौठा विधानसभा के सेक्टर गुरसराय में संपन्न की गई। बैठक में सेक्टर और बूथ की समीक्षा की गई। मौके पर सेक्टर व बूथौ को रिव्यू किया गया।



बैठक के मुख्य अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी झांसी कैलाश पाल रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अनिल कुमार सरदार ने की।मुख्य अतिथि कैलाश पाल ने कहा आज पूरे देश व प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों के कारण महंगाई बेरोजगारी बा लाइट की समस्या से परेशान है।विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा हमें 2007 की तरह हर समाज में भाईचारा बनाकर सर्व समाज को जोड़कर 2027 के आगामी विधानसभा चुनाव में बहन जी के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना है। बैठक का संचालन पूर्व विधानसभा प्रभारी अख्तर राईन ने किया। इस मौके पर विधानसभा महासचिव अजय सिंह जाटव, शिव सहाय बाबूजी नीलू चौधरी दीपू सिंह गौतम, माधव सिंह, शत्रुघ्न नंद सिया,अजुदृदी ककरवई, बृजपाल सिंह, बामसेफ के लालाराम अहिरवार जी अस्ता, श्याम बाल्मिक, ललित श्रीवास, भानू प्रताप बरार, किशोरी बरार, राधेलाल गुरसराय, रविंद्र जहरीला सूरजपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस मौके पर दर्जनों साथियों ने भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, और आजाद समाज पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अंत में सभी का आभार महेंद्र सिंह फौजी ने किया।

# आज नगर के 23 केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा लेखपाल मुख्य परीक्षा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** नोडल अधिकारी /अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) शिव प्रताप शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा – 2025 नगर के 23 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में पूर्वाहन 10:00 से 12:00 बजे तक निर्विघ्न,शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न हुई।



अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते हुए समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा के दौरान नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कक्ष निरीक्षक द्वारा एडमिशन कार्ड की गंभीरता से जांच की गई।परीक्षा की सूचिता बनाए रखने के लिए प्रात: 09:30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षा केंद्र पर बने कंट्रोल रूम एवं स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे से हुई सूक्ष्म निगरानी। उन्होंने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने एवं परीक्षा को पारदर्शी/नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहे। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देशों का पालन किया गया। इसके अतिरिक्त उनके सामान को सुरक्षित रखे जाने की नि:शुल्क व्यवस्था केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा की गई। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल मुस्तैद रहा। परीक्षा नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा लेखपाल मुख्य परीक्षा जनपद के 23 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। इस परीक्षा में 10464 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए, परन्तु आयोजित परीक्षा में 8529 परीक्षार्थी शामिल हुए। 1935 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने शांतिपूर्ण स्वच्छता और निर्विघ्न परीक्षा को संपन्न कराने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को बधाई दी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल,एसपी सिटी सुश्री प्रीति सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज सतीश कुमार, ऐई पीडब्ल्यूडी नवनीत राजपूत सहित सैक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहे।

# खनिज अधिकारी के संरक्षण में शुरू हो गया है अवैध खनन

( यंग भारत न्यूज )

**बाँदा।** गाजीपुर गलौली यमुना नदी मोरम खदान से ये गाड़ियां आज सुबह बिना रायल्टी; बहुत ज्यादा ओवरलोड आज सुबह से निकलना हों जाता है शुरू कानाखेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि ये गाड़ियां इतनी ज्यादा ओवरलोड हैं (जो कि इन वीडियो में दिख रहा है) कि लाइट के तारों से भी टच होकर पूरी सड़क पर बालू गिराते हुए तेज रफ्तार में निकल रही हैं जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में है !



सपा नेता पुष्पेंद्र ने बताया कि पैलानी तहसील प्रशासन आँख मूंदे हैं उनको बिना रायल्टी ओवरलोड गाड़ियां तेज रफ्तार से निकलते आखिर क्यों नहीं दिख रही हैं! क्या किसी दुर्घटना के इंतजार में है पुलिस प्रशासन; तहसील प्रशासन को खनिज विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर तुरंत खदान से संचालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए और ओवरलोड बिना रायल्टी गाड़ियों को सीज करने की कार्यवाही की जाए ! आखिर किसके संरक्षण में ही ये बालू माफिया राजस्व की चोरी करते रहें है ओवरलोड ट्रकों से क्षेत्र की सड़के बहुत जल्द खराब हो जाएगी जिससे कि क्षेत्रीय जनता का आवागमन भी बाधित होगा! क्षेत्रीय लोगों से मालूम चला है कि जिस जमीन का खनन पट्टा हुआ है मोरम वहां से न निकालकर दूसरी जगह से निकाली जा रही है क्या प्रशासन को इसकी जिम्मेदारी नहीं है या फिर प्रशासन की भी मिलीभगत है ! जिला प्रशासन से मांग है कि तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों को भेजकर कड़ी कार्यवाही कराई जाए। जब पूरे मामले की जानकारी खनिज अधिकारी से लेनी चाहि तो उनका कहना था कि अभी में फील्ड में हु बाद में बात करना।

# इच्छुक उद्यमी 30 मई तक कर सकते आवेदन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में उद्यम स्थापित करने वाले / स्वरोजगार स्थापित करने वाले लोगों का जीवन स्तर उठाने हेतु उप्रश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद के 8–8 अभ्यर्थियों को दोना मेकिंग एंव पॉपकोर्न मशीन (नि:शुल्क) वितरण किये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। स्वरोजगार में रूचि रखने वाले उपरोक्त सन्दर्भ में जनपद के परम्परागत–कारीगर एंव उद्यमियों जिनकी उम्र 18 से 50वर्ष हे, वह अपना आवेदन ऑनलाइन upkvib.gov.in पर दिनांक 30.05.2026 तक कर सकते है, अन्य जानकारी हेतु इच्छुक उद्यमी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय इलाइट सिनेमा के पीछे झांसी एवं दूरभाष नं 05102441227 तथा मो0न0 7408410797 एंव 9935118886 पर संपर्क कर सकते है, एवं ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करे।

# प्रयोगात्मक परीक्षा - आज

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसराय( झांसी )।** डॉ. राम मनोहर लोहिया पी. जी. महिला महाविद्यालय में आज दिनांक 22 मई 2026 को क्रस्ष्ट.( भाग 1,2,3 ) की अध्ययनरत विषय वनस्पति विज्ञान की समस्त छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा महाविद्यालय में आयोजित की जा रही है। सभी छात्राएं अपनी फाइल एवं दस्तावेज़ के साथ प्रात: 10 बजे महाविद्यालय में उपस्थित हों। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय की केंद्राध्यक्ष/प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने दी।

# तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी बाइकों से टकराई, चार बाइकें हुईं क्षतिग्रस्त

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** नगर के चुर्खी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास तेज रफ्तार एक कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी बाइकों में जा घुसी। हादसे में चार बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें दो बाइकों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए तथा मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी ली।

बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे चुर्खी रोड पर सामान्य आवागमन चल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़ी बाइकों को टक्कर मारते हुए आगे जाकर रुकी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइकें दूर तक घिसट गईं और कुछ के पुर्जे सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पु पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कार चालक ने बताया कि कार की स्टीयरिंग अचानक फेल हो गई थी, जिसके चलते वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसा हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय कोई राहगीर या बाइक सवार कार की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

# निधन पर जताया शोक

( यंग भारत न्यूज )

**टहरौली।** कस्बा स्थित आदर्श जनप्रिय इंटर कालेज में एक शोक सभा का आयोजन प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया जिसमे अध्यापक परमात्माशरण के पिताजी काशीराम निवासी मैगांव का 80 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर गहरी शोक संबेदना व्यक्त की गई तथा शोकाकुल परिवार को दुख की इस घड़ी में सांत्वना प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई शोक सभा में बलबीर सिंह महेश चौरसिया योगेश सेन रोहित पटेल डॉ प्रियंका खरे पूनम यादव गुलाव सिंह विश्वास पुष्पेंद्र रिछारिया रविन्द्र दीक्षित शिवनारायण पटेल पवन शर्मा विपिन कुमार मुकेश पाल आदि मौजूद रहे



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में मरीजों को राहत देने के लिए विशेष इंतजाम किए गए

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में मरीजों को राहत देने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। गर्मी में मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी में कोल्ड रूम एवं ओआरएस–जिंक कॉर्नर की स्थापना की गई है। इन दिनों तेज धूप और उमस के चलते लू, डिहाइड्रेशन, उल्टी–दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। विशेषकर छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग गर्मी की चपेट में जल्दी आ रहे हैं। ऐसे में अस्पताल द्वारा मरीजों के उपचार के साथ–साथ बचाव के उपायों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीएचसी में बनाए गए कोल्ड रूम में एसी की सुविधा दी गई है। ताकि मरीजों को ठंडा और आरामदायक वातावरण उपलब्ध हो सके और शरीर का तापमान नियंत्रित रखने में मदद मिल सके। गर्मी और लू से प्रभावित मरीजों को यहां प्राथमिक उपचार देने के साथ चिकित्सकीय निगरानी में भी रखा जा रहा है। वहीं, ओआरएस–जिंक कॉर्नर पर मरीजों को नि:शुल्क ओआरएस घोल और जिंक की गोलियां वितरित की जा रही हैं। स्वास्थ्यकर्मी लोगों को ओआरएस घोल बनाने और सही तरीके से उपयोग करने की जानकारी भी दे रहे हैं। साथ ही गर्मी के दौरान शरीर में पानी और जरूरी लवणों की कमी न होने देने के लिए समय–समय पर पानी पीते रहने की सलाह दी जा रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने लोगों से दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी कार्य से बाहर निकलना पड़े तो सिर को कपड़े या टोपी से ढककर निकलें और हल्के व सूती कपड़ों का उपयोग करें।

# लौना में बनाए जा रहे बिजलीघर को शुरू कराने के लिए नागरिकों ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** नगर में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए लौना में बनाए जा रहे बिजलीघर को शुरू कराने के लिए नगर के लोगों ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। नगर में बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में परेशानियों को सामना करना पड़ता हैं। इसमें कभी फाल्ट करी समस्या, कभी ट्रिपिंग तो कभी लो वोल्टेज की समस्या आती रहती है। जिसके चलते गर्मी के मौसम में बिजली उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। कभी कभी दिक्कत इतनी हो जाती है कि घंटों लोगों को गर्मी में बिना बिजली के ही रहना पड़ता है।


# पति से सात जन्मों के साथ का वादा कर प्रेमी संग मौत को लगाया गले

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक युवती ने पूरे रीति रिवाज के साथ सात मई को विवाह किया सात फेरे लेकर सात जन्मों तक जीने मरने की कसम खाई और विदा हो कर ससुराल चली गई लेकिन जब ससुराल से पहली दफा मायके लौटी उसके अगले ही दिन गांव के एक युवक के साथ पेड़ में लटका दोनों का शव मिला ।जिसके बाद इलाके में चीख पुकार मच गई और दोनों के परिवार में कोहराम मच गया।



दरअसल पूरा मामला मर्का थाना अंतर्गत अधाव का है जहां गांव के बाहर खेतों के बीच एक पेड़ में एक युवक और नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर मौके में बुलाया जहां पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य संकलन के लिए घटना स्थल पर बुलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि परिजनों से पूछ ताँछ करने पर जानकारी मिली है कि युवती की शादी सात मई को हुई थी और बीते दिन ही ससुराल से मायके पहली दफा आई थी ।रात को सज संवर कर कहीं चली गई थी जिसे परिजन पूरी रात तलाशते रहे ।तभी जानकारी मिली कि गांव के बाहर एक युवक के साथ एक ही पेड़ पर दोनों लटके हुए पाए गए हैं। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718